परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्था

Atomic Energy Education Society

टर्म-I परीक्षा / Term I Examination 2025-26

कक्षा / Class : पाँचवीं / 5 **अवधि / Duration : तीन घंटे / 3 Hours**

विषय / Subject : हिंदी **अधिकतम अंक / Maximum Marks : ८० / 80**

विद्यार्थी द्वारा भरा जाए / To be filled by the Student

अद्वितीय परीक्षा क्रमांक / Unique Examination No: _____

कक्षा / अनुभाग Class /Sec.:_____ दिनांक / Date: _____

परीक्षा का दिन / Day of Examination: _____

विद्यालय का नाम / Name of the School: _____

हस्ताक्षर निरीक्षक (दिनांक सहित) / Invigilator's Sign. (With date): _____

अध्यापकों द्वारा भरा जाए / To be filled by the Teachers

प्राप्तांक / Marks Obtained ☐ पूर्णांक / Total Marks ☐

हस्ताक्षर परीक्षक (दिनांक सहित) / Examiner's Sign. (With date): _____

हस्ताक्षर जाँचकर्ता (दिनांक सहित) / Cross Checker's Sign. (With date): _____

हस्ताक्षर परीक्षा प्रभारी (दिनांक सहित) / Exam I/C Sign. (With date): _____

सामान्य निर्देश / General Instructions:

1) सभी प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए।
2) सभी प्रश्नों के अंक उनके समक्ष दिए गए हैं।
3) स्वच्छता एवं सुन्दर लेख का विशेष ध्यान रखें।

(पठन क्षमता पर आधारित प्रश्न-20 अंक)

प्र. 1. नीचे लिखे पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो | (5)

राजा का इशारा पाते ही उस स्थान को खोदकर पत्थर को बाहर निकाला गया | राजा ने देखा कि वह पत्थर नहीं,बहुत ही सुंदर सिंहासन था | उस पर बहुत बारीक और खूबसूरत मूर्तियाँ खुदी हुई थीं | उसके चारों पायों पर चार देवदूतों की मूर्तियाँ बनी हुई थीं | चारों ओर ख़बर फैल गई | बात ही बात में वहाँ अच्छी खासी भीड़ जमा हो गई | विद्वान पंडितों ने बताया कि वह कोई ऐसा-वैसा सिंहासन नहीं था - सदियों पुराना,राजा विक्रमादित्य का सिंहासन था | राजा विक्रमादित्य अपने न्याय और विवेक के लिए बहुत प्रसिद्ध थे |

(क) किसका इशारा पाते ही उस स्थान को खोदकर पत्थर निकाला गया? (1)

(ख) चारों पायों पर किसकी मूर्तियाँ बनी हुई थीं ? (1)

(ग) राजा विक्रमादित्य किस चीज़ के लिए प्रसिद्ध थे ? (1)

(घ)खाली जगह भरो | (1)

उस पर बहुत ---------- और खूबसूरत मूर्तियाँ खुदी हुई थीं |

(ङ) उलटे शब्द लिखो | (1)

न्याय x ----------

प्र.2. नीचे लिखे पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो | (5)

एक दिन वल्लरी को उसके मित्र चाऊतान ने घर बुलाया | वल्लरी अपने पिताजी के साथ चाऊतान के घर गई | उस समय चाऊतान के पिताजी घर की सफ़ाई कर रहे थे | वल्लरी और उसके पिताजी को देखकर उन्होंने सफ़ाई का काम छोड़ दिया और उन दोनों का स्वागत किया |

चाऊतान की माताजी कई प्रकार के पकवान ले आईं | ये पकवान बहुत स्वादिष्ट थे | वल्लरी और उसके पिताजी पकवान खाने लगे | तभी वल्लरी ने देखा कि सड़क पर एक शोभायात्रा निकल रही है | शोभायात्रा में बहुत से लोग थे | कुछ लोगों के कंधों पर पालकियाँ थीं | इन पालकियों में बड़ी-बड़ी और सुंदर-सुंदर मूर्तियाँ रखी हुई थीं |

(क) वल्लरी अपने पिताजी के साथ किसके घर गई ? (1)

(ख) चाऊतान की माताजी क्या ले आईं ? (1)

(ग) इन पालकियों में क्या-क्या चीज़ें रखी हुई थीं ? (1)

(घ) वचन बदलो | (1)

मूर्तियाँ ----------

(ङ) अर्थ लिखो | (1)

मित्र ----------

प्र.3. नीचे लिखे अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दो | (10)

पुस्तकें मानव जीवन की सबसे अच्छी साथी होती हैं | जब हम अकेले होते हैं,तो पुस्तकें हमारा साथ देती हैं | वे हमें नई जानकारी,प्रेरणा और आनंद देती हैं | इतिहास की पुस्तकें हमें अपने अतीत से परिचित कराती हैं और विज्ञान

की पुस्तकें नई खोजों की जानकारी देती हैं | इसी तरह कहानियों की किताबों से हमारा मनोरंजन होता है | एक अच्छी पुस्तक पढ़कर हम नई सोच और समझ विकसित करते हैं| नियमित पढने से हमारी भाषा और विचार में सुधार होता है | इसलिए हमें हर दिन थोड़ा समय पढने के लिए ज़रूर निकालना चाहिए |

(क) पुस्तकें मानव जीवन की कैसी साथी होती हैं ? (1)

(ख) इतिहास की पुस्तकें हमें किससे परिचित कराती हैं ? (1)

(ग) एक अच्छी पुस्तक पढ़कर हम क्या विकसित करते हैं ? (1)

(घ) अर्थ लिखो | (1)

आनंद ----------

(ङ) उलटे शब्द लिखो | (1)

नई x ----------

(च) गद्यांश के आधार पर वाक्य के सामने सही या गलत लिखो| (1)

इतिहास की पुस्तकें हमें नई खोज की जानकारी देती हैं | ----------

(छ) खाली जगह भरो | (1)

नियमित पढने से हमारी भाषा और विचार में ---------- होता है |

(ज) वचन बदलो | (1)

कहानियाँ ----------

(झ) सही शब्द बनाओ | (1)

न जा री का ----------

(ञ) गद्यांश में से एक संज्ञा (नाम वाले) शब्द ढूँढ़ कर लिखो | (1)

(पाठ्य-पुस्तक पर आधारित प्रश्न - 10 अंक)

प्र.4. नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दो |

(क) हम प्रकृति के लिए क्या-क्या कर सकते हैं ? (2)

(ख) वल्लरी को चौखाम और दिल्ली में क्या अंतर लगा ? (2)

(ग) सभी लड़के सिंहासन पर बैठ पा रहे थे लेकिन राजा नहीं बैठ पाया | ऐसा क्यों ? (2)

(घ) चाँद किस यात्रा को पूरा करने की बात कर रहा है ? (2)

(ङ) ऐसे कौन-कौन से कार्य हैं जो सूर्य के प्रकाश के बिना संभव नहीं हैं? (2)

(रचनात्मक लेखन पर आधारित प्रश्न -10 अंक)

प्र.5.(क) पाठ्य-पुस्तक के आधार पर दिए गए विषयों में से किसी एक पर पाँच वाक्य लिखो | (5)

साडकेन मेरा मनपसंद त्योहार मेरा प्रिय खेल

(ख) दिए गए चित्र को देखकर पाँच वाक्य लिखो | (5)



(व्याकरण आधारित प्रश्न -15 अंक)

प्र.6.(क) <u>विशेषण शब्द</u> के नीचे रेखा खींचो | **(2)**

(i)राजा ने देखा कि वह पत्थर नहीं,बहुत ही सुंदर सिंहासन था |

(ii) बात ही बात में वहाँ अच्छी-खासी भीड़ जमा हो गई |

(ख) दिए गए वाक्य में से <u>संज्ञा</u> और <u>क्रिया</u> चुनकर लिखो | **(3)**

हठ कर बैठा चाँद एक दिन,माता से यह बोला

संज्ञा ---------- ---------- क्रिया ----------

(ग) रेखांकित शब्दों के <u>वचन</u> बदलकर वाक्य पूरा करो | **(2)**

(i)गंगा एक पवित्र <u>नदी</u> है | भारत में अनेकों पवित्र ----------हैं |

(ii) सारी <u>बालटियाँ</u> पानी से भर गई हैं | केवल एक ---------- बाकी है |

(घ) <u>लिंग</u> बदलो | **(2)**

(i) पिताजी ---------- (ii) ताऊजी ----------

(ङ) <u>समान अर्थ</u> वाले शब्द पर गोला लगाओ | **(2)**

(i) हवा- पवन,दुनिया (ii) फूल- सरिता, सुमन

(च) <u>वाक्य</u> बनाओ | **(2)**

भर ----------

ठिठुरकर ----------

(छ) वाक्यों में सही <u>विराम चिहन</u> लगाओ | **(2)**

(| ? , !)

(i) मुझसे ज़्यादा धनवान,बलवान और बुद्धिमान और कौन होगा

(ii) राजा बड़ी देर तक सोचता रहा

(शब्द भंडार पर आधारित प्रश्न -10 अंक)

7.प्र. (क) रेखांकित शब्दों के <u>विपरीत अर्थ</u> वाले शब्द लिखकर खाली जगह भरो| (2)

(I) वह ----------आया और <u>शाम</u> को चला गया |

(ii) मैं <u>आज</u> यह परी कथा पढ़ूँगा, ---------- आप पढ़ लेना |

(ख) <u>तुक मिलते</u> शब्द लिखो | (2)

शाम ---------- डरती ----------

(ग) <u>वाक्यांश के लिए एक शब्द</u> लिखो | (2)

(i) न्याय करने वाला ---------- (ii) अपराध करने वाला ----------

(घ) उचित शब्दांश को मूल शब्द के साथ जोड़कर नए शब्द बनाइए | (2)

वान,वाला,अ,सु

(i) बल + -------- = ---------- (ii) -------- + पुत्र = ----------

(ङ) <u>शब्दों की अंत्याक्षरी</u> पूरी करो | (2)

शान नमक कलम ---------- ----------

(वर्तनी पर आधारित प्रश्न-10 अंक)

प्र.8 (क) शुद्ध शब्द पर गोला लगाओ | (2)

(i) हरयाली / हरियाली (ii) स्वादिष्ट / स्वादीष्ट

(ख) दिए गए शब्दों को वर्णमाला क्रम से लगाओ | (2)

तट वन जल मटका

--------- --------- ---------- ----------

(ग) अक्षरों को सही क्रम में लगाकर शब्द बनाओ | (2)

वा ध न न ---------- क प न वा ----------

(घ) सही अक्षर चुनकर खाली जगह भरो और शब्द बनाओ | **(2)**

(ग र ष न)

कलु---- स्वा----त

(ङ) वाक्य शुद्ध करो | **(2)**

(i) लोगों में बहुत उत्साह थी | ----------

(ii) लड़कों का झुंड वहाँ खेल रहे थे | ----------

प्र. 9 सुलेख लिखो | **(5)**

कूर्ग या कोडागु, एक बहुत ही सुंदर पर्यटन स्थल है जो अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए प्रसिद्ध है | यह कर्नाटक का एक जिला है | यहाँ का मौसम अधिकतर सौम्य ही रहता है | यहाँ के हरे-भरे पहाड़,घने जंगल चाय-कॉफ़ी के बगानों से भरे हैं | कूर्ग कावेरी नदी का उद्गम स्थल भी है |

***